# 18 राजस्थान के लोक वाद्ययंत्र

1. निम्न में से कौनसा वाद्य एक सुषिर वाद्य नहीं है?
(1) सारंगी (2) नागफणी
(3) अलगोजा (4) नड़

2. लोहे से बना मोरचंग किस प्रकार का वाद्य है ?
(1) घन (2) सुषिर
(3) ताल (4) तत्

3. मृदंग की आकृति के मिट्टी से बने लोक वाद्य, जो मोलेला गाँव में विशेषतः बनाया जाता है, का क्या नाम है?
(1) नौबत (2) माँदल
(3) धौंसा (4) माठ

4. निम्न में से कौनसा वाद्ययंत्र तत् वाद्ययंत्र नहीं है ?
(1) कामयचा (2) सतारा
(3) चिकारा (4) भपंग

5. निम्न में से कौनसा अवनद्य वाद्ययंत्र नहीं है?
(1) चिकारा (2) पखावज
(3) ढ़पली (4) मांदल

6. किस कलाकार को 'नगाड़े का जादुगर' कहा जाता है?
(1) रामनाथ चौधरी (2) करणा भील
(3) हरिप्रसाद चौरसिया (4) रामकिशन सोलंकी

7. राजस्थान का कौनसा कलाकार 'भपंग का जादूगर' कहलाता है?
(1) जुहुर खाँ मेवाती (2) चांद मोहम्मद
(3) अमीर मोहम्मद खाँ (4) पेपे खाँ

8. सुषिर वाद्ययंत्रों में सबसे लम्बा वाद्ययंत्र, जो तीन हाथ लम्बी नली जैसा होता है, भवाई जाति का प्रमुख वाद्ययंत्र है?
(1) नड़ (2) बाँकिया
(3) सींगा (4) भूंगल

9. निम्नलिखित में से कौनसा वाद्य-यंत्र तत् वाद्य नहीं है?
(1) सारंगी (2) चिकारा
(3) अलगोजा (4) भपंग

10. निम्नलिखित में से कौनसा सुषिर वाद्य नहीं है?
(1) सुरिन्दा (2) शहनाई
(3) भूंगल (4) पुंगी

11. 'घुरालियों' क्या है?
(1) गरासियों का वाद्ययन्त्र (2) कालबेलियों का वाद्ययंत्र
(3) सरगड़ा जाति का वाद्ययंत्र (4) भीलों का वाद्ययंत्र

12. रावण हत्था को निम्न में से किस से बनाया जाता है?
(1) बाँस की लकड़ी (2) काँच का बर्तन
(3) नीम की लकड़ी (4) नारियल की कटोरी

13. चौतारा, कामयचा कौन से लोकवाद्य परंपरा से जुड़े है?
(1) सुषिर वाद्य (2) अवनद्य वाद्य
(3) तत् वाद्य (4) घन वाद्य

14. निम्न में से असुमेलित युग्म छांटिए –
(1) इकतारा – तत् वाद्य
(2) अलगोजा – सुषिर वाद्य
(3) झांझ – घन वाद्य
(4) घुरालियो – अवनद्य वाद्य

15. निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्य-यंत्र तत् वाद्य नहीं है?
(1) तम्बूरा (2) जंतर
(3) निशान (4) रावणहत्था

16. निम्न में से कौनसा तत् वाद्य नहीं है?
(1) रावणहत्था (2) सुरमण्डल
(3) करणा (4) दुकाको

17. राजस्थान का राज्य वाद्य है?
(1) रावणहत्था (2) अलगोजा
(3) कामायचा (4) शहनाई

18. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही है-
(1) खड़ताल – सुषिर वाद्य
(2) रबाब – तत् वाद्य
(3) बाँकिया – घन वाद्य
(4) डेरू – सुषिर वाद्य

19. निम्न में से मुँह से बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र है?
(1) धौसा (2) मशक
(3) सुरमंडल (4) निशान

20. प्रसिद्ध सुरनाई वादक है-
(1) पेपे खाँ (2) सद्दीक खां
(3) जुहूर खां (4) कमल साकर खां

21. जो वाद्य फूंक कर बजाये जाते है, उन्हें कहा जाता है?
(1) घन (2) सुषिर वाद्य
(3) अवनद्य (4) तत्

22. राजस्थान के प्रसिद्ध पखावज वादक कौन है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से नवाजा जा चुका है?
(1) बिस्मिला खाँ (2) पण्डित पुरुषोत्तम दास
(3) चाँद मोहम्मद खाँ (4) हरिप्रसाद चौरसिया

23. निम्न में से तार लगा वाद्ययंत्र है?
(1) जन्तर (2) लेजिम
(3) पखावज (4) श्रीमंडल

24. खड़ताल के जादूगर थे?
(1) सद्दिक खाँ मांगणियार (2) बिस्मिल्ला खाँ
(3) रामकिशन सोलंकी (4) पेपे खाँ

25. माँदल क्या है?
(1) एक लोक नृत्य (2) एक वाद्य यंत्र
(3) 1 व 2 दोनों (4) एक लोकदेवता

26. प्रसिद्ध शहनाई वादक जिन्होंने फिल्मों में भी वादन किया है-
(1) अमीर मोहम्मद (2) हरिप्रसाद चौरसिया
(3) सदिक खाँ (4) चाँद मोहम्मद खाँ

27. निम्न में से असंगत युग्म को छांटिए-
(1) रावणहत्था में 18 तार होते हैं।
(2) तंदूरा में 4 तार होते हैं।
(3) कामायचा में 16 तार होते हैं।
(4) रबाज में 12 तार होते हैं

28. दमामा व कमर किस प्रकार के वाद्य यंत्र है?
(1) अवनद्य वाद्य यंत्र (2) तत् वाद्य यंत्र
(3) सुषिर वाद्य यंत्र (4) घन वाद्य यंत्र

29. किस वाद्य यन्त्र का प्रयोग सामान्यतः स्कूलों में भी देखा जा सकता है?
(1) झालर (2) माटे
(3) तुरही (4) डमरू

30. किस वाद्य यन्त्र का प्रयोग शेखावाटी में चंग नृत्य व गीदड़ नृत्य में होता है?
(1) ढ़प (2) खंजरी
(3) तासा (4) नगाड़ा

31. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सत्य कूट का चयन करें।

| वाद्य यन्त्र | प्रयोग |
|---|---|
| A. मंजीरा | I. रम्मत लोक नाट्य |
| B. माटे | II. पाबूजी के पवाड़े |
| C. बम | III. रसिया गीत |
| D. रबाज | IV. तेरहताली नृत्य |

कूट :

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | I | IV |
| (2) | IV | II | III | I |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | I | III | II | IV |

32. निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सत्य कूट का चयन करें।

| वाद्य यन्त्र | जाति |
|---|---|
| A. दुकाको | I. भील समुदाय |
| B. जंतर | II. गुर्जर भोपों द्वारा |
| C. चौतारा | III. कामड़ जाति |
| D. मुरला | IV. लंगा जाति |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | I | IV |
| (2) | IV | II | III | I |
| (3) | I | III | II | IV |
| (4) | I | II | III | IV |

33. किस वाद्य यन्त्र के छोटे रूप को ढपली कहा जाता है?
(1) तासा (2) चंग
(3) मुरला (4) टोटो

34. किस वाद्य यन्त्र को बांसुरी की तरह बजाया जाता है?
(1) मसक (2) अलगोजा
(3) मुरला (4) तुरही

35. किस वाद्य यन्त्र का प्रयोग युद्ध में नहीं किया जाता था?
(1) तुरही (2) सींगी
(3) भरनी (4) बिगुल

36. काँख में दबाकर बजाया जाने वाला वाद्य यन्त्र, जिसका प्रयोग पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक किया जाता है?
(1) नगाड़ा (2) झांझ
(3) मशक (4) मंजीरा

37. एक मीटर लम्बी नलीनुमा वाद्य यन्त्र, जिसका प्रयोग चरवाहों व ऊँटों के रेवड़ वालों द्वारा अधिकतर किया जाता है?
(1) बांकिया (2) नड़
(3) सतारा (4) मोरचंग

38. किस वाद्य यन्त्र का निर्माण समुद्री जन्तु के खोल से होता है?
(1) निसान (2) शंख
(3) टोटो (4) बांकिया

39. राजस्थान का सबसे प्राचीन वाद्ययंत्र माना जाता है?
(1) तंदूरा (2) सारंगी
(3) रावणहत्था (4) कामायचा

40. कौनसा वाद्ययंत्र अवनद्य वाद्य नहीं है?
(1) टिकोरा (2) माठ
(3) डमरू (4) ढ़ोल

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve